अमर उजाला 21/09/2024

विद्यार्थियों ने बनाया ऑर्गेनिक गार्डन

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में विद्यार्थियों ने ऑर्गेनिक गार्डन तैयार कर स्वास्थ्य भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल को इको और एसडीजी क्लब से डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. मीनू राठी, डॉ. शिखा जग्गी और डॉ. अमिता ने संयुक्त रूप से समन्वित किया, जबकि माली सुनील कुमार और गंगा प्रसाद ने इसकी देखरेख में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण और स्थायी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो छात्रों को ऑर्गेनिक खेती की तकनीकों में प्रशिक्षित करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी करेगी। संवाद

जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों की ओर से बनाया ऑर्गेनिक गार्डन। संस्था